### एक नजर में



### जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**सीहोर.** मंगलवार को जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिलेभर से आए 38 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. मु यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत आदि उपस्थित थे.




### संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया काम

**बिलकीसगंज.** स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों की वर्षों से लंबित 14 सूत्रीय एवं आयुष विभाग की 9 सूत्रीय मांगों को लेकर अस्पताल में नियमित और संविदा कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बांधकर शासन का ध्यानाकर्षण किया गया. महासंघ के ललित राठौर ने बताया कि विगत कई वर्षों से शासन विभाग से पत्राचार कर प्रत्यक्ष भेंटकर संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की विभागीय समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग से मांग की है. परंतु सहमति बनने के बाद भी आज तक निर्देश न हुए. जिससे स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है. महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मांगों का निराकरण नहीं होने पर आगामी 24 फरवरी को राजधानी में न्याय यात्रा रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे.



### बालिकाओं को किया गया सम्मानित

**जावर.** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जावर तहसील के ग्राम खजुरिया में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं का सम्मान एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे ने बताया कि कार्यक्रम में नवजात बालिकाओं का स्वागत किया गया और उन्हें खिलौने एवं कीट वितरित किए गए. इसके साथ ही बालिकाओं और महिलाओं को विभागीय योजनाओं एवं उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई.



### पीएम श्रम योगी मानधन योजना के लिए लगाए जा रहे शिविर

**सीहोर.** जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है. इसके अंतर्गत जिले के नगर परिषद एवं नगरपालिका कार्यालयों में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत पंजीयन के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. कलेक्टर द्वारा श्रमिकों से अपील की गई है कि वे इन शिविरों में पहुंचकर योजना का लाभ लें. प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना है, जिसका उद्देश्य श्रमिकों को बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है. योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये या उससे कम है, वे नामांकन कर सकते हैं.

### दो दिवसीय प्रशिक्षण 24 व 25 को

**सीहोर.** जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण आगामी 24 व 25 फरवरी को जिला पंचायत में आयोजित किया जाएगा. इस दौरान आयुषी एवं यशस्वी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा.

# पं. मिश्रा का कर्ज उतारने आया हूं : शास्त्री

## बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र शास्त्री पहुंचे कुबेरेश्वर धाम, पांडाल में गूंजे राम नाम के जयकारे





**सीहोर.** कुबेरेश्वर धाम पर पं. प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से जारी शिव महापुराण में मंगलवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री पहुंचे थे. उन्हें सुनने के लिए पंडालों में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद थी.

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 17 फरवरी. कुबेरेश्वर धाम पर कथा श्रवण करना बहुत पुण्यकारी होता है. पं. मिश्रा की कथा अपने शहर में सुनना भाग्य है, लेकिन कुबेरेश्वर धाम आकर सुनना परम सौभाग्य है. उन्होंने भक्तों को हनुमान और शिव की भक्ति का मार्ग दिखाया. अप्रैल में यहां भव्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह होने जा रहा है. हमने यहां आकर पं. प्रदीप मिश्रा का कर्ज उतार दिया है. वह हमारे यहां बेटियों के विवाह सम्मेलन में आए थे. हम आज कथा श्रवण करने आ गए. हम किसी का कर्ज नहीं रखते फिर पं. मिश्रा तो हमारे बड़े हैं. उनका कर्ज हम कैसे रख सकते हैं.**

उक्त उद्गार बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने मंगलवार को कुबेरेश्वर धाम में आयोजित शिव महापुराण आयोजन में शामिल होकर व्यक्त किए. उन्होंने भाव विभोर होते हुए कहा कि पं. प्रदीप मिश्रा जैसे संत जब जन्म लेते हैं तो वह स्वयं परमात्मा की ओर चलते हैं साथ ही करोड़ों लोगों को भी परमात्मा की राह पर ले जाते हैं. कुबेरेश्वर धाम पर पहुंचे पं. धीरेन्द्र शास्त्री को देखने व सुनने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद थी. कथास्थल पर जैसे ही पं. प्रदीप मिश्रा के साथ पं. धीरेन्द्र शास्त्री पहुंचे पूरा पांडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा.

### जहां बड़े जाते हैं वहां छोटे अवश्य जाते हैं

कुबरेश्वर धाम पर उमड़े अपार जनसैलाब को संबोधित करते हुए पं. शास्त्री ने अपने चिर परिचित अंदाज में कहा बोला राम कृष्ण हरी, दुश्मनों की ठठरी, यह सुनकर समूचा पांडाल ठहाकों से गूंज उठा. बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. शास्त्री ने पं. प्रदीप मिश्रा को अपने से बड़ा बताते हुए कहा कि जहां बड़े जाते हैं वहां छोटे भी जाते हैं. हाल ही में पं. मिश्रा डबरा में कथा करके आए हैं. वहां आज से हमारी भी कथा प्रारंभ हो रही है. धाम पर लगभग एक घंटे रुकने के बाद पं. शास्त्री डबरा के लिए प्रस्थान कर गए. इस दौरान उन्होंने कुबरेश्वर धाम को पवित्र भूमि कहते हुए बताया कि यहां कथाश्रवण करना पुण्यकारी होता है.

### सनातन धर्म के ग्रंथों को छोड़ना उचित नहीं

कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने युवाओं से अपील की कि वे मोबाईल और लैपटॉप की दुनिया से बाहर निकलकर शास्त्रों और ज्ञानवर्धक पुस्तकों को पढ़ें. अपने सनातन धर्म के ग्रंथों को छोड़कर दूसरों के पीछे भागना उचित नहीं है. पंडित मिश्रा ने सोशल मीडिया पर भ्रामक बातों से बचने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि पहाड़ से ठोकर नहीं लगती, छोटे पत्थरों से लगती है, वैसे ही छोटी-छोटी बातें घर तोड़ देती हैं. बटरफ्लाई इफेक्ट का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यदि तितली के पंख फड़फड़ाने से दुनिया पर असर हो सकता है, तो श्रद्धा से चढ़ाई गई बेलपत्री की डंडी और जल का फल क्यों नहीं मिलेगा. उन्होंने शिवरात्रि और नवरात्रि को रात्रि से जोड़ने का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक कारण भी समझाया. पंडित मिश्रा ने कहा कि जिस तरह रात के बाद सबेरा निश्चित है, उसी तरह संघर्ष के बाद सुख का आना भी तय है.

### ड्यूटी को सेवा भाव से निभाएं : कलेक्टर

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के ने कुबेरेश्वर धाम में तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे अपनी ड्यूटी पूरी गंभीरता, सजगता और जिम्मेदारी के साथ निभाएं. धाम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, ऐसे में प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी का व्यवहार सहयोगात्मक और सेवा भाव से परिपूर्ण होना चाहिए. यह केवल शासकीय ड्यूटी नहीं, बल्कि सेवा का अवसर है, जिसे पूरी निष्ठा से निभाया जाए. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने निर्धारित ड्यूटी क्षेत्र में पूरे समय उपस्थित रहें तथा बिना अनुमति ड्यूटी स्थल न छोड़ें. श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए वे सतर्क एवं सक्रिय रहें. दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन, जानकारी एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए. पेयजल व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि धाम परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए. वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित की जाए तथा मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति न बनने दी जाए. यातायात पुलिस एवं अन्य कर्मी श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सरल आवागमन में सहयोग करें, ताकि वे बिना किसी कठिनाई के धाम पहुंच और वापस जा सकें. चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी पर अनिवार्य उपस्थित रहें. आपात स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस सेवाएं तत्पर रहें तथा किसी भी मरीज को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाए.

## लायंस की नवीन कार्यकारिणी को दिलाई शपथ




**नवभारत न्यूज**

**भैरुंदा 17 फरवरी.** भारती विद्या मंदिर में लायंस क्लब सृजन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि एमजे एफ लॉयंन प्रवीण वशिष्ठ मौजूद थे. उन्होंने नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई. इस दौरान लॉयंस क्लब के द्वारा किए गए कार्यों से अवगत कराया साथ ही नवीन कार्यकारिणी को बधाई दी गई.

इस अवसर पर डॉ शिरीष अग्रवाल, डॉ शैलेन्द्र नेमा, डॉ श्रवण कुमार मालवीय, विनय यादव, शाहिद खान, पंकज वैद्य, डॉ आशीष खापरे, राकेश वर्मा, प्रबल अग्रवाल, सुलभ श्रीवास्तव, डॉ शुभांकर बर्मन, संजय पटेल, नीरज त्रिपाठी, देवी सिंह पंवार, डॉ मुखर विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे. नवीन अध्यक्ष लॉयन राकेश कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों का अभिवादन कर सभी को विश्वास दिलाया कि नवीन कार्यकारिणी लॉयंस क्लब के नीति वाक्य के अनुरूप ही कार्य करेगी. कार्यक्रम के अंत में आभार सचिव लॉयन प्रबल अग्रवाल ने व्यक्त किया.

## महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह प्रतियोगिता प्रारंभ



**इछावर.** नगर के शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.सुनीता यादव ने किया. इस अवसर पर प्रतियोगिताओं में गोला फेंक, पिट्ठू,चेस, रस्सी खींच आदि का आयोजन किया गया. इस मौके पर डॉ.कलावती, प्रो.मुकेश शर्मा, डॉ.अरविंद बैस, प्रो.सीताराम, राजेश अहिरवार, शिक्षक विनीत शर्मा, डॉ.नीता माहौर आदि मौजूद थे.

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग

- अधिवक्ता की हत्या से नगर के वकीलों में नाराजगी का आलम
- नाराज अभिभाषकों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**भैरूंदा 17 फरवरी.** शिवपुरी जिले में अधिवक्ता की सरेआम हत्या के विरोध में नगर के वकीलों में भारी आक्रोश देखा गया. अभिभाषक संघ ने अपनी सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा है.

ज्ञापन के अनुसार, विरोध का मुख्य कारण हाल ही में शिवपुरी (करैरा) के अधिवक्ता स्वर्गीय संजय कुमार सक्सेना की अपराधियों द्वारा सरेआम गोली मारकर की गई हत्या है। इस घटना ने पूरे प्रदेश के न्यायिक जगत को झकझोर कर रख दिया है। संघ ने प्रदेश में लंबे समय से लंबित अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को तत्काल प्रभाव से लागू करने, दिवंगत अधिवक्ता के परिजनों को उचित न्याय प्रदान करने, डबरा, शिवपुरी सहित अन्य जिलों में वकीलों पर हो रहे लगातार हमलों पर रोक लगाने की मांग की. मांगों के समर्थन में अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से न्यायालयीन कार्यों से विरत रहकर विरोध दर्ज कराया. संघ के अध्यक्ष राजेश सेठी, सचिव मार्तण्ड सिंह के अलावा अन्य अभिभाषक मौजूद थे.

# सीहोर विस के मतदाताओं के कटे सर्वाधिक नाम

- 21 फरवरी को होगा मतदाता सूची का प्रकाशन
- एसआईआर सर्वे का दूसरा चरण हुआ पूर्ण

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 17 फरवरी.** 4 नवंबर से शुरू हुए एसआईआर सर्वे के बाद जिले के 10.26 लाख मतदाताओं में से 5 हजार 270 नाम कट गए. नाम कटने वालों में सबसे ज्यादा मतदाता सीहोर विधानसभा के हैं. यहां 1619 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं.

एसआईआर सर्वे के दौरान सबसे ज्यादा नए मतदाता बुदनी विधानसभा क्षेत्र में जोड़े गए हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की यह गृह इसी विधानसभा क्षेत्र में आता है। यहां नए 6922 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। ऐसे में अब जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 9 लाख 97 हजार 857 है. यानी कि एसआईआर सर्वे के बाद जिले के कुल 1026574 मतदाताओं में से 28711 मतदाता कम हो गए हैं. एसआईआर सर्वे का दूसरा चरण पूरा हो चुका है. अब तक निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर फीट हुए डेटा का अधिकृत प्रकाशन 21 फरवरी को होगा, लेकिन निर्वाचन आयोग ने सर्वे के बाद सामने आए आंकड़ों के आधार पर विधानसभा और पोलिंग बूथवार सूची बनाकर इनके प्रकाशन की तैयारी शुरू कर दी गई. अगले 3 दिन में जिले की कुल 4 विधानसभाओं के मतदाताओं की तैयार सूची की अन्य औपचारिकता पूरी हो जाएगी. इसके बाद 21 फरवरी को पोलिंग बूथवार मतदाता सूची को सार्वजनिक कर दी जाएगी.

### जिनके नाम नहीं वह फार्म छह भरकर जुड़वा सकेंगे

एसआईआर की प्रक्रिया 21 फरवरी को फाइनल सूची के प्रकाशन के साथ पूरी हो जाएगी। सूची में जिनका नाम नहीं आता है, वे फिर भी अपना जुड़वा सकते हैं। इसके लिए उन्हें निर्वाचन का फार्म 6 लेकर भरना है। यह आपके बीएलओ से मिल जाएगा। फार्म 6 के साथ उन्हें एसआईआर के लिए मांगे गए जरूरी दस्तावेजों में से एक दस्तावेज जैसे जन्मतिथि दिखाते हुए मार्कशीट, निवासी प्रमाण पत्र आदि लगाकर नाम जुड़वा सकते हैं। यह प्रक्रिया आगे 21 के बाद चलेगी।

### मतदाता सूची से नाम कटने के कई कारण

एसआईआर सर्वे के दौरान जो नाम कटे हैं, उसके कई कारण हैं. इसमें 9164 मतदाता ऐसे थे, जिनकी मौत हो चुकी है. 6422 मौके पर नहीं मिले. वहीं 24910 किसी दूसरी जगह शिफ्ट हो गए. 2673 मतदाता ऐसे निकले, जिनकी रिपीट एंट्री थी. इसके अलावा 262 अन्य कारणों से अपात्र हो गए. मौजूद होने के बाद भी 2003 की सूची से मिलान नहीं होने के कारण भी 1954 मतदाता अपात्र हो गए.

## संभागीय टीम ने पकड़े दो नकलची छात्र

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 17 फरवरी.** बोर्ड परीक्षाओं के दौरान मंगलवार को 10 वीं की अंग्रेजी की परीक्षा में संभागीय टीम ने नकल के दो प्रकरण बनाए हैं. दोनों ही विद्यार्थी आष्टा के सांदीपनी स्कूल में परीक्षा दे रहे थे. अंग्रेजी के पेपर में नकल करने के लिए एक विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र पर ही नकल लिखकर लाया था, जबकि एक अन्य विद्यार्थी के पास से पर्ची जब्त की गई है. खास बात यह है कि नकल लेकर विद्यार्थी परीक्षा हॉल तक पहुंच गए लेकिन चैकिंग में उनकी नकल पकड़ में नहीं आ सकी.

मुख्य विषयों में मंगलवार को दूसरा पेपर अंग्रजी का था. बताया जाता है कि मंगलवार को संभागीय दल जांच के लिए सीहोर आया. टीम आष्टा के सांदीपनी स्कूल पहुंची. टीम का नेतृत्व लोक शिक्षण की उप संचालक कनकप्रसाद कर रही थीं. उनकी नजर एक विद्यार्थी पर पड़ी. जब उन्होंने चैकिंग की तो विद्यार्थी के प्रवेश पत्र पर नकल मिली. उन्होंने विद्यार्थी का नकल प्रकरण बनाया.एक और परीक्षार्थी की तलाशी ली गई तो नकल की पर्ची विद्यार्थी के पास से मिली. संभागीय टीम ने दोनों प्रकरण बनाकर प्रतिवेदन बोर्ड कार्यालय को भेजा. बता दें कि इस बोर्ड परीक्षा के दौरान मंगलवार को पहली बार नकल प्रकरण बनाए गए हैं. आष्टा क्षेत्र नकल के लिए बदनाम रहा है. शिक्षा माफियाओं का इस क्षेत्र को गढ़ माना जाता है. पूर्व में भी आष्टा ब्लॉक में ही बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक होने सहित यहां केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष को जान से मारने का प्रयास के मामले आ चुके हैं.

### दस्तक अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ

**सीहोर.** जिले में दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ हो गया है. जो 19 मार्च तक जारी रहेगा. सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पार्षद प्रभा कमलेश कुशवाहा द्वारा अभियान का शुभारंभ किया गया. अभियान के अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए अनुपूरण, एनीमिक बच्चों की फॉलोअप जांच, डिजिटाइजेशन एवं ग्राम वार माइक्रो प्लानिंग की कार्यवाही की जा रही है, ताकि लक्षित बच्चों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें.

**निरीक्षण** ▶ कायाकल्प योजना के तहत हो रहे डामरीकरण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

# शहर को स्मार्ट सिटी बनाने नपा कृत संकल्पित : प्रिंस

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 17 फरवरी.** शहर को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित करते हुए हर वार्ड में बुनियादी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है. मंगलवार को नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित पार्षदों ने वार्ड 28 में जारी कायाकल्प योजनांतर्गत डामरीकरण सड़क का निरीक्षण किया और कार्य में गुणवत्ता के साथ समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए.

इसके अलावा करीब 20 लाख की लागत सीसी रोड़ का लोकार्पण किया गया. इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि आशीष गेहलोत के अलावा क्षेत्रवासी मौजूद थे. नपाध्यक्ष श्री राठौर ने लोगों से भेंट की. उन्होंने कहा कि यहां पर कोई समस्या नहीं है, क्षेत्र में नियमित रूप से साफ-सफाई, पेयजल की आपूर्ति आदि सुचारू रूप से चल रही है. नपाध्यक्ष श्री राठौर ने वार्ड खजांची लाईन श्रीजी मंदिर पर करीब 10 लाख की लागत से कायाकल्प योजना अंतर्गत डामरीकरण का निरीक्षण किया. इसके अलावा 20 लाख की सीसी सड़क का लोकार्पण किया गया. इस दौरान पार्षद अर्जुन राठौर, मांगीलाल मालवीय, कमलेश राठौर, प्रदीप गौतम, लोकेन्द्र वर्मा, प्रदीप बिजोरिया आदि उपस्थित थे.




## कार्यालय नगर परिषद रेहटी, जिला सीहोर ( म. प्र. )

E-Mail ID-cmorehati@ mpurban.gov.in

क्रमांक / 129 / लो.नि./ 2026 रेहटी, दिनांक 16.02. 2026

**//सातवीं ई-निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mpetenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_481569_1 11.02.2026 | Interception & Diversion work for tapping Nallah and setup sewage treatment plant for Used water management for rehti Town under SBM 2.0 | 12 माह 33731000/- | 15000/- 168655/- | 25.02.2026 |

**नोटः**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

राजेन्द्र मीना पटेल
अध्यक्ष
नगर परिषद रेहटी

राजेन्द्र कुमार यादव
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद रेहटी